तापमान

अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 13 .2 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 7 अप्रैल 2026



12 प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा, एक महीने की फीस वसूल ..



12 दो मंडियों का डीसी ने लिया जायजा, किसानों को ..




## खबर संक्षेप

### युवती ने दुकान से आईफोन चोरी किया

**यमुनानगर।** शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक दुकान से अज्ञात युवती ने धोखे से आईफोन 17 प्रो मैक्स चोरी कर लिया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात युवती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है। शहर की रामपुरा कॉलोनी निवासी राजन ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर की फ्रेंड्स कॉलोनी में मोबाइल की दुकान है। चार अप्रैल को दुकान पर एक युवती आई। युवती ने अपना मुंह मास्क से ढका हुआ था। युवती ने उसे आईफोन 17 प्रो मैक्स दिखाने के लिए कहा। जब उसने युवती को फोन दिखाया तो युवती ने धोखे से फोन को अपने बैग में रख लिया और बैग से फोन की डमी निकालकर उसे वापस कर दी। युवती द्वारा चुराए गए फोन की कीमत एक लाख 40 हजार रुपए है। युवती के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक पर तेजधार हथियारों से हमला

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के गांव बकाना में रंजिश के चलते पिता पुत्र ने एक युवक को रास्ते में रोक कर उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बकाना निवासी अरुण कुमार ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही राघव व उसके पिता सोहनलाल के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से दोनों आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। 31 मार्च को सुबह साढ़े नौ बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रास्ते में आरोपी राघव व उसके पिता सोहनलाल ने उसे रोक लिया और उसे पर तेज धार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### थार से कुचलकर हत्या करने का आरोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने शादी समारोह में थार गाड़ी से कुचलकर हत्या करने के आरोपी सोमनाथ (इस्माईलाबाद निवासी) को गिरफ्तार किया है। 29 मार्च की रात प्रीत पैलेस में हुए कार्यक्रम के दौरान गाने को लेकर विवाद हुआ था। बाद में आरोपी ने पार्किंग में साहिल कुमार को थार से टक्कर मारकर तीन बार कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। जानकारी देते हुए इस्माईलाबाद प्रभारी निरीक्षक जगदीश ने बताया कि आरोपी सोमनाथ के खिलाफ जिला करनाल व अम्बाला के अलग-अलग थानों में धोखाधड़ी व इमीग्रेशन एक्ट के 8 मामले दर्ज हैं।

### 120 किलो 800 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक ट्रक से भारी मात्रा में 'कमर्शियल' मात्रा का नशीला पदार्थ (चूरापोस्त) बरामद कर एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी प्लास्टिक दाने/पाउडर की आड़ में नशे की खेप छुपाकर ले जा रहा था।

जांच टीम को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में भारी मात्रा में नशा ले जाया जा रहा है। टीम ने शाहबाद-अधोया रोड पर चौधरी ढाबा के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध ट्रक को रुकवाकर जब उसकी गहनता से तलाशी ली गई, तो प्लास्टिक दाने के कट्टों के बीच में छुपाकर रखे गए चूरापोस्त के बैग बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए चूरापोस्त का वजन करने पर कुल मात्रा 120 किलो 800 ग्राम पाई गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जगजोत सिंह वासी खान अहमदपुर मुलाना के रूप में हुई है।

---

### 78 केंद्रों की औचक जांच में कई अनियमितताएं उजागर

# लिंग जांच पर स्वास्थ्य विभाग सख्त, दो अल्ट्रासाउंड मशीनें सील

- पीएनडीटी एक्ट के तहत नोटिस जारी, कार्रवाई तेज
- रिकॉर्ड में गड़बड़ी और नियमों की अनदेखी पर सख्त कदम
- सिविल सर्जन ने दी चेतावनी, लिंग जांच किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने और लिंग जांच पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अपनी कार्रवाई और सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी की अध्यक्षता में जिला समुचित प्राधिकारी की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिले के सभी पंजीकृत अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की कार्यप्रणाली पर गहन चर्चा की गई। उप सिविल सर्जन (परिवार नियोजन) डॉ. शीनू चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पिछले महीने लिंग अनुपात 984 दर्ज किया गया है, जो संतुलन की दिशा में सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यह सुधार स्वास्थ्य विभाग के निरंतर प्रयासों का परिणाम है, लेकिन अभी भी पूरी तरह संतुलन बनाए रखने के लिए सतकता और कड़ी निगरानी बेहद जरूरी है।उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले के 78 अल्ट्रासाउंड केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इन निरीक्षणों के दौरान कई केंद्रों पर रिकॉर्ड में गड़बड़ी, निर्धारित नियमों की अनदेखी और आवश्यक दस्तावेजों की कमी जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। विभाग ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।इसी कार्रवाई के तहत दो अल्ट्रासाउंड मशीनों को मौके पर ही सील कर दिया गया। साथ ही संबंधित केंद्र संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। अधिकारियों के अनुसार संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित संचालकों के खिलाफ पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



फाइल फोटो

#### लिंग जांच की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दें

साथ ही उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं लिंग जांच से जुड़ी कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

#### औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे

बैठक में मौजूद अधिकारियों ने यह भी निर्णय लिया कि आगे भी औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि पाए जाने पर तुरंत सख्त कदम उठाए जाएंगे। विभाग ने स्पष्ट किया कि लिंग जांच जैसे अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सभी स्तरों पर निगरानी मजबूत की जा रही है।

#### ये अधिकारी मौजूद रहे

इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन एवं पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. शीनू चौधरी, एसएमओ डॉ. अंजू, एडीए डॉ. पंकज, एडीए विजय कौशिक तथा डब्ल्यूसीडीपीओ नीलोखेड़ी संतोष सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिले में किसी भी सूरत में लिंग जांच जैसी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालकों को चेतावनी दी कि वे सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

---

# कुरुक्षेत्र: विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगलकर दे दी जान

### बेटी की शादी की तैयारियों के बीच घटना, इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज

- छाती में जलन की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बाबैन खंड के खैरा गांव में विवाहिता ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। महिला सुबह से छाती में जलन होने की शिकायत कर रही थी। मृतक महिला की पहचान ममता (45) निवासी खैरा के रूप में हुई। करीब 22 साल पहले महिला की शादी हुई थी। शादी से बेटा प्रिंस (20) और बेटी 19 निशा हैं। पिछले सप्ताह ही परिवार ने बेटी निशा का रिश्ता तय किया था। अगले महीने 10 मई को बेटी की शादी तय हुई थी। पूरा परिवार शादी की तैयारी में जुटा था। ममता के पति सतपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह वेल्डिंग का काम करता है। सुबह करीब 8:30 बजे नाश्ता करने के बाद अपने परिवार में ताऊ-चाचा को बेटी की शादी में बुलाने के लिए टाटकी गांव आया था। करीब एक घंटे बाद डेरा गांव निवासी उसके जीजा विजय कुमार ने फोन ममता की छाती में जलन होने की सूचना दी। कुछ देर बाद विजय कुमार ने दोबारा फोन कर बताया कि ममता को बैचेनी हो रही है। वह अपने बेटे रजत के साथ उसे लेकर प्राइवेट अस्पताल जा रहा है। उसका जीजा और भांजा उसकी पत्नी ममता को लेकर अस्पताल आ गए। कुछ देर बाद वह भी अस्पताल पहुंच गया। यहां ममता का इलाज चल रहा था। करीब साढ़े 12 बजे उसकी पत्नी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी ममता ने घर में कोई जहरीली चीज खा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। उनको किसी पर कोई शक नहीं है। उधर, बाबैन पुलिस ने सतपाल के बयान पर इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया।

### पानीपत: हरिद्वार हाइवे पर कुराड के पास हादसे में मिस्त्री की मौत

**पानीपत।** पानीपत में हरिद्वार हाईवे पर गांव कुराड के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 45 वर्षीय बिल्लू निवासी गांव कुराड की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त राजकुमार घायल हो गया। बिल्लू की पानीपत में मशीनरी मरम्मत की दुकान है। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बिल्लू का शव उसके परिजनों को सौंप कर आरोपी चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक का पता लगाया जा रहा है।

## दो कारों की टक्कर में मां और बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के दोसड़का चौक साढ़ौरा के पास रात को दो कारों की भिड़ंत में मां बेटा घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। माता कॉलोनी व्यासपुर निवासी यशपाल ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव मलिकपुर निवासी अयांश अपनी मां कोमल के साथ कार में किसी काम से गया था। रात को साढ़े 11 बजे जब वह वापस घर लौट रहे थे तो दोसड़का चौक के पास तेज गति से आ रही कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

### लाखों का चोरी का सामान बरामद

# करनाल: फैक्ट्री चोरी का खुलासा कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

- अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाकर प्लांट में की थी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल की सीआईए-1 टीम ने फैक्टरी में हुई संगठित चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव करसा डोड निवासी सुरेश कुमार के रूप में हुई है, जो शिकायतकर्ता की फैक्टरी में कार्यरत था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अंदरूनी जानकारी का फायदा उठाते हुए वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को काबू कर जब तलाशी ली तो उसके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद हुआ, जिसमें 2 बैटरियां, 1 सोलर इन्वर्टर, 10 टुल्लू पंप, 9 डब्बे छोटी स्ट्रीट लाइट और 6 डब्बे बड़ी स्ट्रीट लाइट शामिल हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी आरएस इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री नेशनल हाईवे-44 पर स्थित है। 25/26 फरवरी की रात आरोपी ने सोलर प्लांट से जुड़ा महंगा सामान चोरी कर लिया था। थाना बुटाना में केस दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी जांच और सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की।

### धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सतबीर सिंह वासी गांव हंडेसरा के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता साहिल कुमार की शिकायत पर पुलिस ने 16 मार्च 2026 को विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे रकम 5 लाख 60 हजार रुपये की राशि हड़प ली।

### कुवि: दीक्षांत समारोह में डिंपल को मिला गोल्ड मेडल



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 35वें दीक्षांत समारोह में डॉ भीम राव अम्बेडकर छात्र कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष डिंपल ने एलएलएम पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे संगठन का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। इस अवसर पर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके पिता धर्मेंद्र ने कहा कि मुझे अपनी बेटी की कड़ी मेहनत और इस बड़ी उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। अस्वा के विश्वविद्यालय के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता सागर व पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष अधिवक्ता अमित कुमार ने यदि छात्रों को सही मंच और अवसर मिले, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं। यह उपलब्धि इसी का जीवंत उदाहरण है। अस्वा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामलाल सिरसल ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो समाज में वास्तविक परिवर्तन लाती है।

---

# एटीएम लूटने का प्रयास नाकाम

### पहचान छिपाने के लिए एटीएम रूम में लगे सीसीटीवी पर ब्लैक स्प्रे किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दो खंभा चौक स्थित भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम मशीन को बदमाशों ने लूटने का प्रयास किया। देर रात को शातिर बदमाशों ने आते ही सबसे पहले पहचान छिपाने के लिए एटीएम रूम में लगे सीसीटीवी पर ब्लैक स्प्रे किया। मशीन से छेड़छाड़ करने से पहले एलईडी स्क्रीन पर भी स्प्रे किया। मशीन तोड़ पाने पर बदमाश भाग निकले। सोमवार सुबह एटीएम मशीन के बिल्डिंग मालिक के आने पर मुख्य दरवाजे का हैंड टूटा मिलने पर लूट के प्रयास का पता चला। इलाका पुलिस व फॉरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। इलाके के खंगाले जा रहे सीसीटीवी दुकान मालिक अनिल व रोहित गोयल ने बताया कि उनकी सैनेंटरी की दुकान है। उसमें ही एक दुकान एसबीआई बैंक के एटीएम के लिए दी हुई है। सोमवार सुबह वह कुत्ते को घुमाने के लिए बाहर निकले तो देखा कि एटीएम के गेट का हैंड टूटा पड़ा है। भीतर जाकर देखा तो एटीएम मशीन से छेड़छाड़ यानी तोड़ने का प्रयास किया गया था। सीसीटीवी पर भी स्प्रे कर रखा था। डायल-112 की गाड़ी को मौके पर बुलाया। सिटी थाने की चौकी नंबर एक प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि एटीएम से कुछ ही दूरी पर भारतीय स्टेट बैंक व महाराष्ट्र बैंक है। इलाके के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

# यमुनानगर: हेरोइन के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया, रिमांड में नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने शहर के भारत सेवक नगर कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक लंबे समय से नशीले पदार्थ की तस्करी कर रहा था। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब तीन लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भारत सेवक नगर जगाधरी क्षेत्र में एक युवक नशीले पदार्थों की तस्करी करता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक टीम का गठन किया गया। जिसमें एसआई ओमप्रकाश, सतीश, एएसआई जसबीर उर्फ हैप्पी, ललित और पंकज शामिल थे। पुलिस टीम ने भारत सेवक नगर कॉलोनी में छापामारी की। इस दौरान टीम को वहां पर एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ मिला। पुलिस ने शक के आधार पर उसे हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कॉलोनी के ही रोबिन सिंह के रूप में हुई है। इंचार्ज ने बताया कि आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब तीन लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ पहले से ही तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।



**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

---

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कुलपति ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

### आहार संतुलित रखें और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाएं

# योग, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या अपनाकर बीमारियों से बचाव संभव: प्रो. धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हमारा स्वास्थ्य हमारी अपनी जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सजग रहना चाहिए। कुलपति ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती व्यस्तता और अनियमित दिनचर्या के कारण कई प्रकार की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने आहार-विहार को संतुलित रखें और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति ही नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से संतुलित बनाती है। उन्होंने योग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि नियमित योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इससे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और जीवन में सकारात्मकता आती है। कुलपति ने अपील की है कि फास्ट फूड और असंतुलित खानपान से बचें तथा नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और अनुशासित दिनचर्या को अपनाएं। अगर हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।



**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान। फोटो : हरिभूमि

### आयुष विवि में होम्योपैथी दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 10 को

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल को होम्योपैथी दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि शिविर में रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, शुगर व रक्त जांच के साथ-साथ हड्डियों की जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर द्वारा किया जाएगा। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. कुलजीत कौर और डॉ. रिया शर्मा द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



जानकारी देते प्रो. राजा सिंगला।

# असगरपुर के पास जंगल में मिला मोहित का शव

- शव के पास से संदिग्ध दवाइयां व इंजेक्शन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढौरा क्षेत्र के असगर गांव के जंगल एरिया में एक युवक का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला है। सबके पास से संदिग्ध दवाइयां व इंजेक्शन बरामद हुए। मृतक की पहचान जिला अंबाला के डेरा नारायणगढ़ निवासी 28 वर्षीय मोहित के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मोहित नशे का आदी था। साढ़ौरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी।

सोमवार सुबह लोगों ने गांव असगरपुर के पास जंगल में एक युवक का शव पड़ा देखा। लोगों ने इसकी सूचना साढ़ौरा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच करने पर मृतक की पहचान जिला अंबाला के डेरा नारायणगढ़ निवासी मोहित के रूप में हुई। मृतक के पास से संदिग्ध दवाइयां व इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि उसका भाई मोहित अविवाहित था और नशे की लत से जूझ रहा था। रविवार को वह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन पूरी रात उसकी राह देखते रहे। मोहित का शव साढौरा के जंगल में पड़ा है। मामले की जांच में जुटी पुलिस पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जगाधरी सिविल अस्पताल भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### तीर्थ यात्रा योजनाः 5 मई को नांदेड़ जाएगी ट्रेन

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 5 मई को श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए विशेष ट्रेन चलाई जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना का लाभ 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक उठा सकते हैं, जिनकी पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है। इच्छुक व्यक्ति 15 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यात्रा के दौरान यात्रियों के रहने, खाने और स्थानीय परिवहन की पूरी व्यवस्था सरकार द्वारा की जाएगी। योजना 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर लागू होगी।

### जनगणना 2027 को लेकर तैयारी तेज

**करनाल।** हरियाणा में जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में जिले में प्रगणकों और सुपरवाइजरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले की सभी तहसीलों और नगरपालिकाओं में आयोजित इस प्रशिक्षण में 23 बैचों के माध्यम से कुल 1035 प्रगणकों व सुपरवाइजरों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों द्वारा मकान सूचीकरण, परिवार विवरण, डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप के उपयोग और फील्ड में आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

जनगणना के पहले चरण के तहत 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इससे पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को 'जनगणना पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा दी जाएगी।

इसके बाद दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा।

### शहर में निकाली भव्य कलश यात्रा

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य में एक क्लश यात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यह कलश यात्रा कथा व्यास परम पूज्य पंडित आचार्य राजेश वत्स के नेतृत्व में निकाली गई। कलश यात्रा नगर परिक्रमा दुर्गा नगर, लक्ष्मण कालोनी, राम नगर, दक्षिणमुखी श्रीहनुमान मंदिर से होते हुए नाम संकीर्तन करते भगवान का गुणगान करते हुआ कथा स्थल साधु फार्म, कुरुक्षेत्र मुख्य यजमान सुरेंद्र शर्मा बारना के निवास स्थान पर पहुंची।

### 78 लोगों को उपलब्ध कराई स्वास्थ्य सुविधाएं

**लाडवा।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के शिवाला रामकुंडी में आयोजित शिविर में शहर और गांवों के अनेक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

## मानदेय बढ़ोतरी लागू करने व कटौती रोकने की उठी मांग

# ऑनलाइन काम के विरोध में आशा वर्कर्स का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- प्रदर्शन की अगुवाई जिला प्रधान नीरू और जिला सचिव सुदेश ने की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



करनाल। मांगों को लेकर प्रदर्शन करतीं आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

आशा वर्करों ने ऑनलाइन कार्य के विरोध में सोमवार को जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क में सभा करने के बाद वर्कर जिला सचिवालय पहुंचे और एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अगुवाई जिला प्रधान नीरू और जिला सचिव सुदेश ने की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार आशा वर्करों पर काम का बोझ बढ़ा रही है और मानदेय में कटौती कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में 1500 रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। आशा वर्करों ने आरोप लगाया कि ऑनलाइन काम के दबाव के कारण उनकी नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जबकि विभाग उनकी समस्याओं को सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि आशाओं को काम से हटाने की धमकियां दी जा रही हैं और आर्थिक रूप से भी प्रताड़ित किया जा रहा है।

### मुख्य मांगें

फव्वारा पार्क में सभा करने के बाद वर्कर जिला सचिवालय पहुंचे और एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपकर ये मांगे रखीं। 1500 रुपए की बढ़ोतरी तुरंत लागू की जाए। 73 दिन की हड़ताल के काटे गए मानदेय का भुगतान हो। ऑनलाइन काम का दबाव बंद किया जाए आयुष्मान आरोग्य मंदिर के मानदेय की कटौती बहाल हो। जननी सुरक्षा योजना व आशाओं के लंबित भुगतान जारी किए जाएं। आशा वर्करों को पक्का कर्मचारी बनाया जाए या न्यूनतम वेतन व सामाजिक सुरक्षा दी जाए इस मौके पर सतबीर सिंह, सेवाराम, ओमप्रकाश माटा, रूपा सैनी, बिजनेश राणा, निशा, कविता, कलीराम, निर्मला, मोनिका, गुरमीत कौर, सुरेशो, जगपाल राणा व परवारा राम सहित कई वर्कर्स ने संबोधित किया।

### दमकल कर्मियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य स्तरीय ऑनलाइन बैठक में दमकल कर्मचारियों की लंबित मांगों और सरकार के रवैये पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि दमकल कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर समाज की सुरक्षा करते हैं, लेकिन सरकार उनकी शहादत को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में मांगों के समाधान और वार्ता की अपील की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। संघ ने मांग की है कि शहीद दमकल कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सहायता, एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

# अवैध कनेक्शनों पर निगम का बड़ा एक्शन, हर कॉलोनी की होगी जांच

- सीवरेज, स्टॉर्म वाटर और पेयजल लाइनों के दुरुपयोग पर सख्ती
- केनियम तोड़ने वालों पर पर होगी बड़ी कार्रवाई



मेयर रेणु बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

नगर निगम करनाल ने शहर में अवैध रूप से लिए जा रहे सीवरेज, स्टॉर्म वाटर और पेयजल कनेक्शनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने का फैसला लिया है।

यह अभियान पूरे निगम क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसमें नियमित और अनियमित दोनों प्रकार की कॉलोनियों को शामिल किया जाएगा। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बताया कि निगम प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कई कॉलोनियों में बिना अनुमति सीधे निगम की मुख्य लाइनों से कनेक्शन जोड़ लिए गए हैं। इसके अलावा कई कॉलोनाइजरों ने न तो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाए हैं और न ही जल निकासी व पेयजल की स्वतंत्र व्यवस्था की है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि निगम की विशेष टीमें अब क्षेत्रवार सर्वे करेंगी और हर कॉलोनी में कनेक्शनों की वैधता की गहन जांच की जाएगी। इस आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर नियमों का उल्लंघन करने वालों को नोटिस जारी किए जाएंगे। मेयर ने दो टूक कहा कि अवैध कनेक्शन लेने वालों और लापरवाही बरतने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर अन्य विभागों के साथ तालमेल कर कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे।

# मंत्री के बयान पर भड़के किसान माफी नहीं मांगी तो होगा विरोध

- सभाकियू सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला ने जताया कड़ा रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने कृषि मंत्री के उस बयान की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सीधी बारिश से पकी फसलों को नुकसान नहीं होता। यूनियन के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी ने कहा कि यह बयान जमीनी हकीकत से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को नुकसान हुआ है और किसान मुआवजे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुखद बात यह है कि कृषि मंत्री स्वयं किसान परिवार से होने के बावजूद इस तरह के बयान दे रहे हैं। इससे किसानों में भारी रोष है। बहादुर मैहला ने कहा कि प्रदेश का किसान पहले ही कर्ज और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार को किसानों की मदद करनी चाहिए, न कि इस तरह के बयान देने चाहिए। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मंत्री ने जल्द माफी नहीं मांगी तो आने वाले दिनों में किसानों का विरोध तेज किया जाएगा।



तरावड़ी। मंडी मे खरीद शुरू करते हुये हैफेड अधिकारी, कमेटी सचिव, कमेटी प्रधान, मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता सहित आढ़ती भाई। फोटो : हरिभूमि

# मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू आढ़तियों ने मुंह मीठा कर शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में आज विधिवत रूप से हैफेड द्वारा गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आढ़तियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवा कर खरीद सीजन की शुरुआत की और खुशी जाहिर की।

इस मौके पर मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने सभी आढ़ती भाइयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की ओर से किसानों और आढ़तियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि इस बार लागू किए गए नए नियमों में सभी का सहयोग जरूरी है, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। खरीद प्रक्रिया शुरू होने से मंडी में रौनक बढ़ गई है और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए बेहतर माहौल मिलने की उम्मीद है। मार्केट कमेटी के सचिव संजीव सचदेवा ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपना गेहूं अच्छी तरह सुखाकर ही मंडी में लेकर आएं और पहले गेट पास कटवाकर निर्धारित आढ़ती की दुकान पर जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर मंडी एसोसिएशन के सदस्य, आढ़ती, हैफेड के अधिकारी, कर्मचारी तथा मार्केट कमेटी के चेयरमैन रणदीप चौधरी, अनिल चौधरी, महेश चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मीडिया कॉन्क्लेव में डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने रखा विकसित भारत में मीडिया का विजन

- चलो गांव की ओर का संदेश, नारी शक्ति सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नीलोखेड़ी/करनाल



भुवनेश्वर में कलिंग गौरव फाउंडेशन के तत्वावधान में नेशनल मीडिया कॉन्क्लेव एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उड़ीसा के पंचायती राज एवं ग्राम विकास मंत्री रबीनारायण नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक एवं प्रख्यात पत्रकारिता विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने मीडिया के बदलते वैश्विक परिदृश्य और विकसित भारत के निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तृत विचार रखे। डॉ. चौहान ने कहा कि आज के समय में मीडिया की भूमिका स्वाधीनता संग्राम से भी अधिक व्यापक और प्रभावशाली होनी चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक गांवों का समग्र विकास नहीं होता। उन्होंने मीडिया को "चलो गांव की ओर" का आह्वान करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत की वास्तविक समस्याओं और संभावनाओं को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाना समय की मांग है।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में उड़ीसा के पंचायती राज एवं ग्राम विकास मंत्री रबीनारायण नायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### मीडिया का दायित्व समझाया

डॉ. चौहान ने यह भी स्पष्ट किया कि मीडिया का दायित्व केवल सरकारों से सवाल पूछने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे समाधान प्रस्तुत करने और सकारात्मक बदलाव का सक्रिय भागीदार भी बनना होगा।

इस राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में उड़ीसा सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए मीडियाकर्मियों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्वों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को नारी शक्ति सम्मान से नवाजा गया। विभिन्न सत्रों में अलग-अलग राजनीतिक दलों के विधायक, मीडिया जगत की प्रमुख हस्तियां और विशेषज्ञों ने समकालीन मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक संस्था की महासचिव डॉ. चिदात्मिका, पवित्र मोहन सामंतरे और डॉ. रजनीकांत मिश्रा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# 10 अप्रैल को होगा श्री श्याम-बालाजी संकीर्तन महोत्सव, उमड़ेंगे भक्त

- भजन संध्या के साथ श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से 10 अप्रैल को श्री बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम करनाल के डिवाइन बैंक्वेट हॉल में आयोजित होगा। प्रमोद मंगला ने बताया कि शाम 6 बजे पावन ज्योत प्रज्ज्वलित करने के बाद भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। इस अवसर पर श्री आशु भगत जी (निज मंदिर, त्रिलोकपुर) व श्री देवेंद्र पुजारी जी (चुलकाना धाम) का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। भजन संध्या में जतिन जिंदल, किशोरी कनिष्का, डॉ. दिनेश गोयल व गौरव गंधर्व श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। रात 9 बजे से श्याम रसोई में प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति द्वारा श्री बालाजी व श्री श्याम दरबार को भव्य रूप से सजाया जाएगा और विशेष फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

# क्रूजर की टक्कर से रिटायर्ड फौजी की मौत

- पीछे से मारी जोरदार टक्कर, आरोपी ड्राइवर फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

### पीछे से मारी टक्कर, 10-15 फुट उछला फौजी

मृतक की पहचान 46 वर्षीय लखविंद्र सिंह निवासी सांभी गांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह सुबह बाइक पर सवार होकर करनाल आ रहा था। इसी दौरान डांड रोड पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार क्रूजर गाड़ी ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लखविंद्र सिंह करीब 10 से 15 फुट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शहर के डांड रोड पर एक तेज रफ्तार क्रूजर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार फौजी की मौत हो गई। मृतक फौज से रिटायर्ड था और वर्तमान में एसडीएम कार्यालय नीलोखेड़ी में सेवेदार के पद पर कार्यरत था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोपहर बाद पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद क्रूजर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिजनों के अनुसार लखविंद्र सिंह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी अचानक मौत से परिवार में गहरा शोक है।

# टोल प्लाजा पर दहशत फैलाने वाले चार दबोचे

- पुरानी रंजिश में रची गई थी पूरी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



निसिंग क्षेत्र के प्योंत टोल प्लाजा पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। संयुक्त टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष, नरेंद्र, सुमित और कवि गोल्लन के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि 1 अप्रैल की रात तीन गाड़ियां तेज रफ्तार में गलत दिशा से टोल प्लाजा पर पहुंचीं। एक गाड़ी ने बैरिकेड को टक्कर मारी, जबकि पीछे से आ रही दूसरी गाड़ी उससे टकरा गई। इसी दौरान आरोपियों ने फायरिंग कर मौके पर अफरा-तफरी मचा दी और फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना निसिंग पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि यह वारदात आपसी रंजिश के चलते की गई थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### 20 वर्षों से निरंतर योग सेवा, लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव



**करनाल।** शहर के सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में पिछले करीब 20 वर्षों से नियमित रूप से संचालित हो रही योग कक्षा आज हजारों लोगों के जीवन में स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संदेश दे रही है। यह कक्षा योग शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में "मेरा मिशन स्वस्थ भारत" अभियान के अंतर्गत लगातार चलाई जा रही है। इस योग कक्षा में प्रतिदिन योगिक क्रियाएं, विभिन्न प्रकार के आसन, सूक्ष्म व्यायाम और प्राणायाम का विधिवत अभ्यास करवाया जाता है। वर्षों से इस कक्षा से जुड़कर हजारों साधकों ने न केवल शारीरिक रूप से स्वयं को स्वस्थ बनाया है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित किया है। दिनेश गुलाटी ने इस अवसर पर कहा कि आज के भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। यदि व्यक्ति नियमित रूप से योग को अपनाए, तो वह कई प्रकार की बीमारियों से बच सकता है और जीवन को संतुलित बना सकता है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल योग सिखाना नहीं, बल्कि पूरे समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाना है। इस दौरान योग शिक्षिकाएं नीलम बटला और निधि गुप्ता ने भी उपस्थित साधकों को विभिन्न योग अभ्यास करवाए और सही तकनीक की जानकारी दी।

## प्रगतिशील किसानों को दी उन्नत किस्मों व मिश्रित खेती की

# जलवायु अनुकूल खेती अपनाएं, आय बढ़ेगी और जोखिम घटेगाः डॉ. दलीप गोसाईं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



एनडीआरआई के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दलीप गोसाईं ने किसानों को जलवायु अनुकूल खेती अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में उत्पादन बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। फिरोजपुर के गांव कोहर सिंह वाला से आए किसानों के दल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गेहूं और धान की उन्नत किस्मों का चयन उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने मिश्रित खेती प्रणाली को सबसे टिकाऊ मॉडल बताते हुए कहा कि फसल और पशुपालन को जोड़ने से लागत कम होती है और आय में स्थिरता आती है। इस दौरान किसानों को गेहूं की उन्नत किस्में एचडी 3386, डीबीडब्ल्यू 327, पीबीडब्ल्यू 872 तथा क्षारीय भूमि के लिए केआरएल 210 का प्रदर्शन दिखाया गया। धान की खेती के लिए एचकेआर 49, पीआर 132, पीआर 126, एचकेआर 114, पीआर 131 तथा बासमती की किस्में पूसा बासमती 1509, 1885 और 1401 लगाने की सलाह दी गई। डेयरी संबंधी समस्याओं पर किसानों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में डॉ. गोसाईं ने संतुलित आहार, खनिज मिश्रण और वैज्ञानिक प्रजनन पद्धति अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर किसानों के दल में जसकरण सिंह, यादविंदर सिंह, सुखजिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, बलकरण सिंह, तेहल सिंह, गुरमनजीत सिंह, गुरदीप सिंह और सुभे सिंह मौजूद रहे।

# आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों पर सख्ती

- चुनाव आयोग के निर्देशः हिंदी-अंग्रेजी अखबारों के साथ टीवी पर भी देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

राज्य चुनाव आयोग हरियाणा ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार जिन उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, लंबित हैं या जिनमें उन्हें दोषी ठहराया जा चुका है, उन्हें इसकी सार्वजनिक घोषणा करना अनिवार्य होगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ऐसे उम्मीदवारों को कम से कम एक हिंदी और एक अंग्रेजी अखबार में अपने मामलों की जानकारी प्रकाशित करनी होगी। यह घोषणा नाम वापसी की अंतिम तिथि के अगले दिन से लेकर मतदान से दो दिन पहले तक कम से कम तीन बार प्रकाशित करनी होगी। उदाहरण के तौर पर यदि नाम वापसी की अंतिम तिथि 10 और मतदान 20 को है, तो 11 से 18 तारीख के बीच तीन अलग-अलग दिनों में यह घोषणा प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा उम्मीदवारों को स्थानीय टीवी चैनलों या केबल नेटवर्क पर भी अपनी जानकारी प्रसारित करनी होगी, जो मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले पूरी होनी चाहिए। राजनीतिक दलों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी अपनी वेबसाइट, टीवी चैनलों और अखबारों में प्रकाशित करें तथा चुनाव समाप्ति के 30 दिनों के भीतर उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को रिपोर्ट सौंपें।

## खबर संक्षेप

### बिजली के दो खंभे गिराए, आपूर्ति ठप

**पानीपत।** पानीपत के तहसील कैंप में मंडी रोड पर पिकअप ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और उसका वाहन बिजली के खंभों से टकरा गया। हादसे में दो खंभें सड़क पर गिरे और इस क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। इधर, पुलिस की डायल 112 गाड़ी पर तैनात स्टाफ ने चालक व पिकअप को हिरासत में ले लिया। इधर, सुबह बिजली निगम की टीम ने मरम्मत कर इस क्षेत्र की बिजली की आपूर्ति सुचारू की।

### महिला को बंदरों ने घायल किया

**पानीपत।** पानीपत के बाबरपुर में निर्मला देवी पर बंदरों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। बंदरों ने महिला की कमर, कंधे, चेहरे आदि जगह काटा। इधर, निर्मला की चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग मदद के लिए दौड़े और उन्होंने बंदरों को भगाया।

### पुलिस ने नशा तस्कर गिरफ्तार किया

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस ने ताबिश पुत्र मतलूब निवासी कला मोहल्ला, कैराना जिला शामली, उत्तर प्रदेश को 23 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। थानेदार विजय ने बताया कि आरोपी पर थाना हुडा सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट केस दर्ज करवाया गया। जबकि आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने समालखा के वार्ड तीन व चार में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

### शहर में पौधरोपण अभियान चलाया

**पानीपत।** भाजपा स्थापना दिवस पर नई राह संस्था द्वारा शहर में पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डॉ.राज एवं डॉ.हेमा रमन ने किया। मेगा मित्तल रोड पर स्थित सत्यम हॉस्पिटल के पास ट्री गार्डस के साथ पचास पौधे रोपे। जबकि डेज होटल के आसपास तथा डिवाइडर रोड पर भी पौध रोपे गएद्ध

### कश्यप आश्रम के लिए भूमि दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर में महर्षि कश्यप आश्रम संस्था द्वारा महर्षि कश्यप आश्रम निर्माण को यज्ञ किया। कार्यक्रम में कश्यप समाज को 1100 वर्ग जगह कश्यप आश्रम के सरपंच मोनू नांदल डाहर पंचायत द्वारा दी गई। इस अवसर पर महेंद्र पंवार, किसान नेता सोनू शहर मालपुरिया, वजीर शास्त्री, संस्था के प्रधान राजवीर कश्यप, राजेश कश्यप, कृष्ण, सुरेंद्र, डा.धर्मवीर, टीनू, कुलदीप, संदीप, राजेश, महीपाल, आरडी कल्याण, प्रेमवती कश्यप, ईश्वर कश्यप, देवी दयाल कश्यप, गुरदीप कश्यप नरेश कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, कैप्टन रणधीर आदि मौजूद रहे।

### ताऊ देवीलाल को नमन किया

**पानीपत।** इनेलो जिला इकाई द्वारा ताऊ देवीलाल पार्क में ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर गायत्री मंत्र का उचारण करके पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जबकि इनेलो जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने ताऊ देवीलाल के त्यागी व संघर्षशील जीवन की जानकारी दी। इस अवसर पर इनेलो नेता राजेन्द्र जागलान, कृष्ण भौक्कर, सुनीता शर्मा, प्रेमलता, सितमपाल राठी, प्रवीण तोमर, महेंदर कल्सन, धर्मेंद्र निंबरी डॉ.दिलावर, डा.दया सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की थर्मल यूनिट पानीपत के द्वारा एमडी, एचपीजीसीएल की कर्मचारी विरोधी नितियों व वादाखिलाफी के कारण थर्मल पानीपत के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर यूनियन के नेता विजय हुड्डा, राजेंद्र नैन, दर्शन लाल, जयबीर मान, कृष्ण सहरावत, सतबीर सिंह, वजीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## फसल खरीद को मंडियों में हाईटेक व्यवस्था

# प्रशासन ने अनाज मंडियों का औचक निरीक्षण किया

**मंडियों में पटवारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व एसपी भूपेंद्र मंडी में गेहूं की फसल का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला की अनाज मंडियों में सरसों और गेहूं की खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने सोमवार को पानीपत नई अनाज मंडी और बाबरपुर मंडी का किया औचक निरीक्षण किया। डीसी डॉ दहिया ने स्पष्ट किया कि किसानों को वेरिफिकेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। इसके लिए मंडियों में पटवारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने पानीपत और इसराना के तहसीलदारों को फोन कर किसानों की वेरिफिकेशन संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। इधर, मंडियों में पारदर्शी और सुचारू खरीद के लिए आधुनिक संसाधनों का भी उपयोग किया जा रहा है। इस समय मंडियों में 47 वेरिफाई यंत्र और 14 आई-स्कैनर उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से किसानों की पहचान और फसल की एंट्री प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्धारित

- तहसीलदारों को फोन कर किसानों की वेरिफिकेशन संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा

मापदंडों के अनुसार फसल की खरीद सुनिश्चित की जाए और रोजाना लिफ्टिंग की व्यवस्था एजेंसियों द्वारा सुचारू रूप से की जाए, ताकि मंडियों में फसल का अनावश्यक अंबार न लगे और किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंडियों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अवतार शास्त्री, एसडीओ खिलाड़ी त्यागी, सचिव आशा रानी, हैफेड के जनरल मैनेजर कृपाल दास, एमई महावीर आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् महेंद्र की याद में जाट धर्मार्थ सभा में 5.51 लाख दान किए

- दान करना मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



समालखा। जाट धर्मार्थ सभा के पदाधिकारियों को चैक सौंपता हुए बेनीवाल परिवार।

नगर परिषद पार्षद मनीष बेनीवाल ने अपने परिजनों के साथ परिवार के मुखिया स्वर्गीय मास्टर चौ. महेंद्र सिंह बेनीवाल के मरणोपरांत उनकी स्मृति में जाट सभा में एक कमरा निर्माण हेतु 5.51 लाख रुपये दान किए है। वहीं, पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि हम अपने पूर्वजों द्वारा दी गई सही और अच्छी सीख पर चलते हुए समाज सेवा के कार्य करते रहते हैं। दान करना मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाता है। जिसे अपने जीवन में शामिल कर सवा पांच लाख रुपये का चैक उनके बड़े पापा प्रधान कुलदीप बेनीवाल के करकमलों से अध्यक्ष महा सिंह के नेतृत्व में सभा पदाधिकारियों को सौंपा गया है। गोल्डन पार्क समिति प्रधान पवन बेनीवाल ने बताया कि उनके पिता ने समाज में शिक्षण क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। जाट सभा प्रधान महासिंह ने बेनीवाल परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनका दिया दान हजारों लाखों लोगों के लिये सेवा में काम आएगा। ऐसे दान से न केवल भौतिक निर्माण संभव होता है बल्कि जरूरतमंदों या संस्था को एक सुरक्षित आश्रय मिलता है। इस अवसर पर सरपंच रणदीप कादियान, डा. मलिक, राजबीर कादियान आदि व्यक्ति मौजूद रहें।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों का सहयोग करें सामर्थ नागरिक : विज

**पानीपत।** केशव बुक बैंक द्वारा रतिराम वाटिका आर्य समाज मंदिर के पास में निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6 से 12 तक की पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क वितरित की गई। मुख्य अतिथि शहरी विधायक प्रमोद विज रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि नरेश सिंगला एवं आर्य समाज बड़ा बाजार के प्रधान अजय आर्य रहे। प्रमोद विज ने कहा कि शिक्षा इंसान की तरक्की की रहा है। जबकि जरूरतमंद विद्यार्थियों का सहयोग करना हर सामर्थ नागरिक का मानवीय कर्तव्य है। इस अवसर पर विजय मनचंदा, राजेश कंसल, अरुण गुप्ता, रोहित आहूजा, सुमित खंडेलवाल, सचिन मित्तल, मोनू गोयल, नेहा सिंघल, केशव बुक बैंक के संचालक विजय मनचंदा, दीपक सचदेवा, देवेंद्र पांडेय ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद कर रही है।





पानीपत। विनोद वत्स व टीम को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स पानीपत ईकाई प्रथम

**पानीपत।** हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला चेयरमैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा के कुशल नेतृत्व और मार्ग दर्शन में जिला पानीपत ने 2025-2026 की वार्षिक गतिविधियों में लगातार दूसरी बार राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला सचिन विनोद वत्स ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहतक में राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक गतिविधि एवं आगामी योजना कार्यक्रमों हेतु आयोजित की गई आमसभा में यह पुरस्कार उपाध्यक्ष आरसी बिधान सेवानिवृत आईएएस, शिव प्रसाद शर्मा सेवानिवृत आईएएस एवं नवीन जय हिंद के द्वारा जिला पानीपत को दिया गया। व्यक्तिगत गतिविधियों में भी पानीपत जिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आर्य बाल भारती विद्यालय में कार्यरत स्काउट्स मास्टर एवं उप प्रधानाचार्य जगदीश चहल ने गत वर्ष में की गई 65 स्काउटिंग गतिविधियों के साथ यह पुरस्कार प्राप्त किया।

# देश वासियों की निष्काम सेवा कर रही भाजपा

- मजबूत सरकार का आधार होता है पार्टी संगठन : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। भाजपा स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा फहराते हुए विधायक प्रमोद विज, दुष्यंत भट्ट, नवीन भाटिया आदि। फोटो : हरिभूमि

श्याम कमल भाजपा जिला कार्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट, उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, शहरी विधायक प्रमोद विज, शिक्षा मंत्री के बड़े भाई हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, जिला परिषद की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, जिला महामंत्री सुमित जागलान, सुनील, अमित पंडित, नेहा शर्मा, भावना जैन, कुसुम भट्ट, रेशमा राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी ओमदत आर्य ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया। जबकि सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने करते हुए कहा कि भारतीय लोकतन्त्र के इतिहास में 6 अप्रैल 1980 का दिन न केवल भाजपा के रूप में एक वैचारिक पुनर्जागरण के शुभारंभ का दिन है बल्कि देश को आपातकाल की पीड़ा से उभरकर एक राजनैतिक पार्टी के उदय होने का दिन भी है। भाजपा के सभी नेताओं की घोर तपस्या का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा एक ऐसा राजनीतिक दल बन गया है जिसके आठ करोड़ से अधिक सदस्य, देश भक्ति, राष्ट्रवाद, अंत्योदय सेवा और सहयोग की भावना से जरूरतमंद लोगों की सेवा पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रहे है। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा, देश वासियों की निष्काम सेवा कर रही है।

### जीडीजीएस में यज्ञ किया

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का यज्ञ के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्राचार्या रेणुका अनेजा, युवराज जैन और समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी ने मिलकर हवन में आहुति अर्पित करके मां सरस्वती से ज्ञान और सफलता की कामना की।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने जनसुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण के आदेश दिए। कैंप में कुल 23 शिकायतें दर्ज की गईं। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग जनता की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क और गंभीर है।

### 111 गैस सिलेंडर जब्त

**पानीपत।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अधिकारी दिव्या ने बताया कि खाद्य एवं पूर्ति विभाग, पानीपत की चार जांच टीमों द्वारा दुकानों/ढ़ाबो इत्यादि पर घरेलू गैस सिलेण्डरों के हो रहे दुरूपयोग/कालाबाजारी को रोकने के लिए चैकिंग अभियान चलाया गया और 20 स्थानों पर छापेमारी कर 111 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।

### धार्मिक यात्रा पांच से

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत पांच मई को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, नांदेड़ दर्शन के लिए एक स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। उन्होंने बताया कि इस स्पेशन ट्रेन को पांच मई को कुरूक्षेत्र से मुख्यमंत्री नायब सैनी हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत इस फ्री यात्रा के लिए इच्छुक व्यक्ति सरल पोर्टल पर 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है।

### साहित्यिक सप्ताह का शुभारंभ

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में साहित्यिक सप्ताह का प्राचार्य सतवीर सिंह व उपप्राचार्या डॉ शशि प्रभा, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ किरण मदान, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ नीलम द्वारा दीप जला कर शुभारंभ किया गया। साहित्यिक सप्ताह का विषय नारीवाद की प्रेरक गूंज था। नारीवाद की प्रेरक गूंज एक विकसित होते, बहुआयामी दृष्टिकोण की विशेषता है, जो ऐतिहासिक संघर्षों को समकालीन डिजिटल सक्रियता से जोड़ता है।

### आशा वर्कर्स ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन ने सीएमओ कार्यालय पर अपनी मांगों और स्थानीय समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं आंदोलनकारियों ने सीएमओ के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक हरियाणा को लिखित मांग पत्र भेजे गए। प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान बंटी, सचिव सुशीला, उप प्रधान सीमा, मनजीत, सह सचिव सुनीता, पूर्व जिला प्रधान नंही देवी ने किया।

# पुलिस के पूर्व अधिकारियों और कर्मियों का हुआ मिलन समारोह

- खेती में आधुनिक मशीनरी के बढ़ते उपयोग और जमीन विस्तार के कारण वन क्षेत्र कम हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। पुलिस लाइन में आयोजित मिलन समारोह में शिरकत करते हुए पूर्व अधिकारी व कर्मी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत पुलिस लाइन स्थित कम्युनिटी सेंटर में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का मिलन समारोह हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन पानीपत जिला पुलिस रिटायर्ड पुलिस ऑफिसर्स वेलफेयर कमेटी द्वारा किया गया था। वहीं, कार्यक्रम में करनाल, कैथल, सोनीपत, जींद, पानीपत जिलों पूर्व पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इधर, कार्यक्रम में पूर्व आईपीएस चौधरी महेंद्र श्योराण नव ऑल इंडिया पुलिस वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष दिलावर सिंह का रिटायर्ड डीएसपी धर्मवीर खर्ब ने स्वागत किया। जबकि श्योराण ने अपने संबोधन में सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन के नए नजरिए से रूबरू करवाते हुए कहा कि हमें अपने परिवारों के भीतर लंबित संपत्ति विवादों को मिल-बैठकर सुलझाना चाहिए ताकि बुढ़ापा शांतिपूर्ण बीते। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और जंगलों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि खेती में आधुनिक मशीनरी के बढ़ते उपयोग और जमीन विस्तार के कारण वन क्षेत्र कम हो रहे हैं। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे रोपते हुए उनकी जवान होने तक देखभाल करने की अपील की।

### भाजपा सरकार हर मोर्चा पर फेलः सिंह

**पानीपत।** पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा के 184 वें दिन का शुभारंभ पानीपत ग्रामीण विधानसभा हलके के गांव बुडशाम से हुई। सद्भावना यात्रा गांव हडताडी, महाराणा, नांगल खेड़ी से होती हुई गांव सिवाह में जाकर संपन्न हुई। यहां चौ. बीरेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूरण डिडवाड़ी, सुरेंद्र खरब, सुभाष डिडवाड़ी, महेंद्र कादियान, जगदेव मलिक, महेंद्र मलिक, दिनेश शर्मा, जसबीर पन्नू, जितेंद्र कुंडू, दीपक शर्मा, सुमित ढांडा, अमित काजल ढांढा सहित भारी संख्या में ग्रामीणों ने सद्भावना यात्रा का स्वागत किया। इधर, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चा पर फेल हो चुकी है। वहीं, जनता हरियाणा में सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है।



पानीपत। पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ग्रामीणों से मिलते हुए।

## एसडी पीजी कॉलेज ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ओवर ऑल ट्राफी जीती

# विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनाता है क्विज

*क्विज में भाग लेने से हमारी खुद की समझ भी व्यापक बनती है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता विद्यार्थी।

एसडी पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने दयाल सिंह कॉलेज करनाल में आयोजित 32वें दीवान आनंद कुमार मेमोरियल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ओवरआल ट्राफी जीती है। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अन्नू-बीए तृतीय वर्ष ने और क्विज प्रतियोगिता में अंकित और राहुल-बीए तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इधर, विजेता विद्यार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर अनूप कुमार प्रधान एसडी एजुकेशन सोसाइटी, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, प्रो ऋतु और विज्ञान संकाय के अन्य प्राध्यापकों ने स्वागत किया। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के ज्ञान में वृद्धि होती है और उनमें आत्म विश्वास के भाव का संचार होता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा प्रश्न पूछने चाहिए, उत्तर तलाशने चाहिए और नए विचारों को अपनाना चाहिए। यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण है और यही सच्ची शिक्षा है। क्विज में भाग लेने से हमारी खुद की समझ भी व्यापक बनती है। उन्होंनें कहा कि क्विज एक प्रकार की दिमागी कसरत है जिसमें प्रतिभागी सवालों के सही उत्तर देने का प्रयास करते हुए अपने बौद्धिक विकास को सक्रीय करते है।



पानीपत। आर्य कॉलेज में वार्ता सह काव्य-संगोष्ठी में भाग लेते साहित्यकार।

### हास्य निर्मल व व्यंग्य में करूणा होनी चाहिएः डॉ. नवल

**पानीपत।** आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को हिंदी साहित्य परिषद् एवं अंकन साहित्यिक मंच, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य 'वार्ता सह काव्य-संगोष्ठी' हुई। वहीं, संगोष्ठी के मुख्य वक्ता, अंतर्राष्ट्रीय व्यंग्यकार डॉ. हरीश नवल ने अपने संबोधन में साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खुश रहें और खुश रखें, इस सूत्र वाक्य को जीवन में अवश्य धारण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वभाव निर्मल होना चाहिए। डॉ. नवल ने हास्य व व्यंग के बीच में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि हास्य निर्मल होना चाहिए और व्यंग्य में करूणा होनी चाहिए। मुख्य अतिथि, विश्वविख्यात साहित्यकार डॉ. नफस अंबालवी ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और इस तरह की गोष्ठियां युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। संगोष्ठी में कवयित्री अराधना सिंह 'अनु', डॉ. सोनिया 'अक्स', हास्य कवि मनु बंदायुनी, डॉ. विजय सिंह (अध्यक्ष, परिषद्), संरक्षक डॉ. आनंद प्रसाद जैन आदि ने कार्यक्रम में शिरकत की।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

मदन लाल पुत्र श्री जोधाराम निवासी गांव उरलाना खुर्द, तहसील मडलौडा, जिला पानीपत।
बनाम जनरल पब्लिक
**अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट अधीन धारा 40-41 रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत वसीयतनामा पंजीकरण करने बारे नोटिस।**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा शर्मा धर्मपत्नी श्री भोला प्रसाद ने अन-रजिस्ट्रर्ड वसीयत अपनी सम्पत्ति बाबत श्री मदन लाल पुत्र श्री जोधाराम निवासी गांव उरलानां खुर्द तहसील मडलौडा जिला पानीपत के हक में लिखवा रखी है जिसके मरने उपरान्त पंजीकृत करवाने के लिए उक्त अन-रजिस्ट्रर्ड वसीका प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई। वसीयतकर्ता श्रीमती मीरा शर्मा धर्मपत्नी श्री भोला प्रसाद की दिनांक 13-10-2014 को मृत्यु हो चुकी है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के पंजीकरण होने मे कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन या कार्यालय की ई-मेल आई0डी0 Tehsildar.panipat@hry.nic.in के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत को नियमानुसार पंजीकृत कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 30-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1600 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप



### वैज्ञानिक सोच और नवाचार पर व्याख्यान

**अंबाला।** राजकीय महाविद्यालय अंबाला छावनी के भौतिक विभाग ने संस्थान के इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से "वैज्ञानिक सोच एवं नवाचारः भौतिकी और क्लिनिकल मनोविज्ञान से अंतर्दृष्टि" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। यह सत्र प्राचार्य डॉ. देस राज बाजवा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र की रिसोर्स पर्सन सिविल अस्पताल की क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक डॉ. प्रवीण थीं। व्याख्यान में समस्या-समाधान और नवाचार के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के महत्व पर बल दिया गया। छात्रों को यह समझने में सहायता मिली कि संज्ञानात्मक प्रक्रियाएं और विश्लेषणात्मक सोच किस प्रकार रचनात्मकता और वास्तविक जीवन में उसके व्यवहार को प्रभावित करती हैं। इस इंटरेक्टिव सत्र में लगभग 70 छात्रों ने भाग लिया।

### शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

**शहजादपुर।** नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड और स्वच्छता से जुड़ी समस्याएं रखीं। शिविर के दौरान गांव अंधेरी के कृष्ण लाल ने वृद्धावस्था पेंशन की समस्या रखी। रामेश्वर दास ने परिवार पहचान पत्र में नाम संशोधन तथा आय कम करवाने का अनुरोध किया।

### साइबर सैल ने तलाशे 107 मोबाइल

**अंबाला।** पुलिस की साइबर ल टीम ने एक बार फिर अपनी तकनीकी कार्यकुशलता और कड़ी मेहनत का परिचय देते हुए 107 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 21 लाख 31 हजार 153 रुपए है। डीएसपी जगबीर सिंह ने इन फोनों को उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### हरलीन को कुरुक्षेत्र विवि में मिला गोल्ड मेडल

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स महाविद्यालय की पूर्व छात्रा हरलीन कौर ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में स्नातकोत्तर (पंजाबी) में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। हरलीन कौर की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क सहित समस्त स्टाफ ने हरलीन कौर को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। विर्क ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल छात्रा बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए प्रेरणादायक है।

# प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा, एक महीने की फीस वसूल पाएंगे स्कूल संचालक

## शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों के लिए जारी किए आदेश, डीईओ बोले, नए शिक्षा सत्र में सख्ती से लागू किए जाएंगे नियम, नियम तोड़ने वाले स्कूलों पर होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कोई भी स्कूल छात्रों के परिजनों से तीन महीने की फीस जमा नहीं करवाएगा। कई प्राइवेट स्कूल परिजनों से तीन महीने या साल भर की फीस एक साथ जमा करने के लिए मजबूर करते हैं। शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों के इस नियम को तोड़ने की कसरत शुरू की है। जिला शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि फीस का भुगतान केवल मासिक आधार पर ही होगा।

किसी भी परिजन को एक महीने से ज्यादा की फीस जमा करवाने के लिए परेशान नहीं किया जाएगा। साथ ही शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों में छात्रों की यूनिफॉर्म व किताबें बेचने पर भी पाबंदी लगाई है। नए शिक्षा सत्र से ही निजी स्कूलों पर विभाग शिकंजा कसने की कोशिश कर रहा है।

### स्कूल लेते हैं तीन महीने की फीस

ज्यादातर प्राइवेट स्कूल अभी छात्रों के परिजनों से तीन महीने या फिर एक साल की पूरी फीस देने के लिए विवश करते हैं। ज्यादातर स्कूल संचालक परिसर के भीतर ही किताबें और यूनिफॉर्म बेचकर स्कूल भारी मुनाफा कमाते हैं। नए आदेशों के तहत अब स्कूल के अंदर किसी भी तरह के सामान की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही अब स्कूल हर साल बिना किसी ठोस कारण के पाठ्यपुस्तकें नहीं बदल सकेंगे। इससे पुरानी किताबों का उपयोग संभव हो सकेगा।

सभी स्कूलों को अब केवल एनसीईआरटी या एससीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम ही लागू करना होगा। प्रत्येक निजी स्कूल को अपने मुख्य द्वार पर पक्के पेंट से अपनी मान्यता का स्तर लिखना अनिवार्य होगा। जिन स्कूलों ने अब तक फॉर्म-6 जमा नहीं किया है वे आगामी सत्र 2026-27 में फीस नहीं बढ़ा पाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी की तरफ से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत उन्हें फील्ड में उतरकर इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की तुरंत रिपोर्ट भेजी जाए ताकि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

### विरोध पर उतर सकते हैं संचालक

शिक्षा विभाग की ओर से तय किए गए नए नियमों का विरोध हो सकता है। दरअसल ज्यादातर प्राइवेट स्कूल छात्रों के अभिभावकों से तीन महीने की फीस वसूलते हैं। यह प्रचलन बेहद लंबे समय से है। ऐसे में इस नियम को तुरंत बदलना बेहद मुश्किल रहेगा। हालांकि अभी तक शिक्षा विभाग के इस नियम का किसी ने विरोध नहीं किया है। मगर आने वाले दिनों में निजी स्कूल संचालक इसका विरोध कर सकते हैं। इसके लिए स्कूल अपने तर्क दे सकते हैं। हालांकि शिक्षा विभाग का यह फैसला छात्रों के परिजनों के हित में लिया गया है। ज्यादातर शिक्षा अधिकारी इस नियम को सख्ती से लागू करने की बात कह रहे हैं।

### नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अभिभावकों की जेब पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करना हमारी प्राथमिकता है। पारदर्शिता और नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आदेशों को जो भी स्कूल तोड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। हम इन आदेशों को सख्ती से लागू करने जा रहे हैं।

-सुधीर कालड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला



अंबाला। रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते शिक्षा अधिकारी।

### सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ाने की कसरत, दखिला अभियान रथ की शुरूआत

- शिक्षा अधिकारियों ने रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अंबाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा दाखिला अभियान रथ की भव्य शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल , खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी तथा जिला एफएलएन समन्वयक वीजेंद्र रेढू एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव प्रकाश चंद्र तथा प्रधान मदन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या में वृद्धि करना तथा जो छात्र किन्ही भी कारणों से शिक्षा से वंचित रह गए उन्हें सरकारी विद्यालयों तक ले कर आना है।इसके अलावा सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या को बढ़ाना व सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाना भी अभियान का मकसद है। इतना ही नहीं निपुण मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के प्रति अभिभावकों और समाज को जागरूक करना भी है। यह दाखिला अभियान रथ जिले के प्रत्येक खंड के सभी गांवों में जाकर स्कूल-स्कूल पहुंचकर शिक्षा के महत्व, सरकारी सुविधाओं तथा निपुण मिशन की उपलब्धियों के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के प्रति अभिभावकों एवं समाज को जागरूक करेगा ।संगठन के सदस्य घर-घर जाकर लोगों से अपील करेंगे कि सभी अपने- अपने बच्चों के दाखिले निकटतम राजकीय विद्यालय में करवाएं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं ओर अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं।



अंबाला। कार्यक्रम में हिस्सेदारी करते संस्था के पदाधिकारी।

## यूं ही कट जाएगा सफर साथ चलने से कि मंजिल आएगी नजर साथ चलने से...

- गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा
- टी विद गुदगुदी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा मिड सिटी जोन-1 के अंतर्गत विवेक विहार में पहला 'टी विद गुदगुदी कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में शिक्षाविद, डॉक्टर, इंजीनियर, शासकीय अधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए प्रेरक वक्ता डॉ. नरेंद्र हरजाई टीम ने आगंतुकों का पुष्पगुच्छ देकर व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। आगंतुकों के परिचय व कुशलक्षेम वार्ता उपरांत जीवन में अनुशासन की उपयोगिता विषय पर संबोधित करते हुए डॉ. हरजाई ने कहा कि जीवन में अनुशासन सफलता, विकास और सुखी जीवन की आधारशिला है। यह हमें समय प्रबंधन,आत्म-नियंत्रण और नियमों का पालन करना सिखाता है, जो हमारे व्यक्तित्व को सुदृढ़ बनाते हैं। अनुशासित व्यक्ति न केवल अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है बल्कि समाज में सम्मान भी पाता है। यह अव्यवस्था और तनाव को कम कर जीवन में स्थिरता लाता है।

अनुशासन सफलता की कुंजी है जो हमें नियमित रूप से प्रयास करने और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने में मदद करता है। अनुशासित दिनचर्या का पालन करने से कार्यों को समय पर पूरा किया जा सकता है, जो सफलता के लिए अनिवार्य है।

अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने समूह के पूर्व व आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। सदस्यों ने भी अपने विचार सांझा किए जिसमें कुछ सुझाव भी आए जिन्हें व्यापक चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा।

मंच का संचालन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी इंद्र परुथी ने एक प्रेरक गीत 'यूं ही कट जाएगा सफर साथ चलने से, कि मंजिल आएगी नजर साथ चलने से....' सुनाया, जिसे सभी ने गुनगुनाया। समूह की ओर से मेजबान डॉ. नरेंद्र हरजाई को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। ग्रुप फोटो और जलपान के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## कांग्रेस को झटकाः बटरोहन के सरपंच सहित बड़ी संख्या में लोग भाजपा में शामिल

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर किया भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव बटरोहन में भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब कांग्रेस पार्टी को छोड़कर गांव के सरपंच सुरिंदर पाल सिंह सहित कई प्रमुख ग्रामीण भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल होने वालों में सुखविंदर सिंह, राजिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जसविंदर सिंह, रामपाल, नंबरदार भाग सिंह, निर्मल सिंह, कृष्ण सिंह, सुरेश कुमार, हरविंद्र सिंह, नायब सिंह व अन्य ग्रामीण शामिल रहे। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में विधिवत रूप से शामिल किया और उनका स्वागत किया। गांव बटरोहन पहुंचने पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों ने विश्वास जताया कि वे पार्टी की नीतियों और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम रहे हैं।



अंबाला। भाजपा में शामिल लोगों को पटका पहनाते हुए पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

## शिक्षा व रोजगार के बीच की खाई को पाट रहा डीएवी कॉलेज

- प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कॉलेज के 62 छात्र चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शिक्षा और रोजगार के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण करते हुए अंबाला शहर के प्रतिष्ठित डीएवीकॉलेज (लाहौर) द्वारा शाल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रातः 9:00 बजे कॉलेज परिसर में आरंभ हुआ। इस विशेष कार्यक्रम में प्रतिष्ठित संस्थानों के 10 प्रतिनिधियों में , रिलायंस स्मार्ट, स्टार लैब्स, सूर्य जॉब्स प्लेसमेंट सर्विसिज, श्री कृष्णा फूड्स एंड बेवरेजस, मैक्सनोवा हेल्थकेयर, जीसीसी स्कूल, इसको ग्रुप , ब्राइट एकादमी , एचडीबी फाइनेंस लिमिटेड, अपोलो फुटवियर व क्लाउड कैंम लीगल लायबिलिटी पार्टनरशिप ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर कॉलेज के विज्ञान, वाणिज्य और कला संकायों के लगभग 150 छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई जिसमें से 62 विद्यार्थियों का कंपनियों द्वारा चयन किया गया ।चयन प्रक्रिया के दौरान छात्रों के सामान्य ज्ञान व तार्किक क्षमता का परीक्षण किया गया । इसका मुख्य उद्देश्य कॉलेज के प्रतिभाशाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को देश की अग्रणी कंपनियों, उभरते स्टार्टअप्सऔर प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थानों से सीधे जोड़ना था। कॉलेज के प्राचार्य ने रोजगार मेले में कहा कि हमारा कॉलेज शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।



अंबाला। ड्राइव के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र।

### प्लेसमेंट ड्राइव से छात्रों को करियर अवसर मिले

छात्रों को प्लेसमेंट के लिए तैयार करने हेतु इससे पूर्व 3 अप्रैल 2026 को कॉलेज परिसर में ही एक प्री-प्लेसमेंट जॉब वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया था जिसमें रिज्यूम राइटिंग और इंटरव्यू स्किल्स पर विशेष ध्यान दिया गया ।इस प्लेसमेंट ड्राइव में कॉलेज के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। ये विद्यार्थी अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण हैं।इस ड्राइव में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर की कई नामचीन कंपनियों ने शिरकत की। कॉलेज के प्लेसमेंट सैल समन्वयक प्रोफेसर शांत कौशिक ने बताया कि यह पहल छात्रों के पेशेवर करियर की शुरुआत करने में मदद करेगी।



### मैक्स हॉस्पिटल ने नी-रिप्लेसमेंट में उन्नत एआई और 3डी तकनीक का प्रदर्शन किया

**चंडीगढ़।** मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली ने सोमवार को नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी में अपनी उन्नत एआई और 3डी तकनीक का प्रदर्शन किया। आज यहां मीडिया से बात करते हुए, मैक्स हॉस्पिटल, मोहाली के डायरेक्टर-ऑर्थो और जॉइंट रिप्लेसमेंट डॉ तरनदीप सिंह गिल ने बताया कि हमने एआई की सहायता से नी रिप्लेसमेंट की 100 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि एआई हमें उस स्तर की सटीकता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है जो पहले संभव नहीं थी, जिससे बेहतर कार्यात्मक परिणाम और तेजी से रिकवरी होती है। डॉ गिल ने कहा कि यह तकनीक-आधारित दृष्टिकोण सर्जिकल सटीकता को बढ़ा रहा है, रोगी के परिणामों में सुधार कर रहा है और तेजी से रिकवरी को सक्षम बना रहा है। डॉ गिल ने आगे बताया कि एआई-असिस्टेड प्रणाली प्रत्येक रोगी के लिए एक अत्यधिक व्यक्तिगत सर्जिकल योजना बनाने के लिए उन्नत इमेजिंग और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करती है। रोगी की अनूठी शारीरिक संरचना का विस्तृत मानचित्रण करकेए यह तकनीक सर्जनों को ऑप्टीमल इम्प्लांट स्थिति, सटीक संरेखण और सटीक सॉफ्ट टिश्यू संतुलन प्राप्त करने में मदद करती है, जो घुटने के प्रत्यारोपण प्रक्रियाओं में दीर्घकालिक सफलता के प्रमुख निर्धारक हैं।

## ज्ञान-संस्कार मंच से निखरेगा छात्रों का विकास

- सरकारी स्कूलों में नई पहल, रोज मिलेगा ज्ञान और संस्कार का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के भाषा ज्ञान, सामान्य ज्ञान और नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में "ज्ञान-संस्कार मंच" का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिदिन उपयोगी शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मंच के अंतर्गत नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही विद्यार्थियों को रोजाना दो अंग्रेजी शब्द, चार सामान्य ज्ञान प्रश्न, एक मानसिक/गणितीय प्रश्न तथा एक प्रेरणादायक सुविचार भेजा जाएगा। यह सामग्री स्कूलों की प्रार्थना सभा में भी साझा की जाएगी और विद्यार्थियों के व्हाट्सऐप ग्रुप में भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे वे बिना किसी रुकावट के नियमित रूप से सीख सकें। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, सभी स्कूल मुखिया कक्षा अध्यापकों के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक विद्यार्थी इस सामग्री को तिथिवार अपनी नोटबुक या रजिस्टर में लिखे। इस गतिविधि की गंभीरता बनाए रखने के लिए "ज्ञान-संस्कार मंच" द्वारा त्रैमासिक आधार पर परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। परीक्षा में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा।



अंबाला। छात्रों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध करवाती शिक्षिका।



### मात-पिता गोधाम में ग्लोबल श्रावण पुरस्कार समारोह 10 को

**चंडीगढ़।** मात-पिता गोधाम ट्रस्ट द्वारा बनूड़-अंबाला रोड पर गांव खल्लौर, जिला मोहाली में निर्माणाधीन विश्व के प्रथम मात-पिता मंदिर में 10 अप्रैल को 15वें मात-पिता पूजन दिवस के दौरान द ग्लोबल श्रवण पुरस्कार समारोह 2025 आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी गोचर दास ज्ञान ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पुरस्कार समारोह 2025 में मुख्य अतिथि होंगे। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि होंगी। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी, पंचकुला भाजपा के जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, डेराबस्सी से भाजपा नेता एस गुरदर्शन सिंह सैनी और राजपुरा से भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश जग्गा विशेष अतिथि होंगे। पुरस्कार समारोह में द ग्लोबल श्रवण पुरस्कार इंडिया, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व महाराष्ट्र कैटेगरी में दिए जायेंगे। गौरतलब है कि दुनिया का पहला मात-पिता मंदिर बनूड़-अंबाला रोड जिला मोहाली पर बन रहा है जिसमे हर वर्ष 10 अप्रैल को मात पिता पूजन दिवस बड़े धूमधाम से मनाया जाता है जिसमे अलग अलग प्रांतों से लोग आते हैं और अपने माता पिता की पूजा करते हैं।

## घरेलू गैस की किल्लत से बढ़े लकड़ी व कोयले दाम

- बाजार में लकड़ी और कोयले के दामों में बढ़ोतरी से होटल और रेस्टोरेंट संचालक परेशान
- व्यापारी गैस छोड़कर दोबारा पुराने संसाधनों की ओर रुख कर रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कमी के बाद अब ईंधन के पारंपरिक साधनों ने भी आम लोगों और व्यापारियों की जेब पर बोझ बढ़ा दिया है। बाजार में लकड़ी और कोयले के दामों में बढ़ोतरी से होटल और रेस्टोरेंट संचालक परेशान हैं। हालात यह हैं कि खर्च घटाने के लिए अब व्यापारी गैस छोड़कर दोबारा पुराने संसाधनों की ओर रुख कर रहे हैं। वह कोयला और लकड़ी खरीद रहे हैं। कुछ दिनों में कोयले और लकड़ी की डिमांड में भारी इजाफा हुआ है। दुकानदार प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि होटल और रेस्टोरेंट से सबसे ज्यादा मांग आ रही है। जो पहले 45 रुपये प्रति किलो था, अब 50 रुपये में बिक रहा है। पत्थर वाला कोयला की कीमत 25 रुपये से बढ़कर 30 रुपये तक पहुंच गई है। ईंधन की लकड़ी के दाम भी 13 रुपये से बढ़कर 15 रुपये प्रति किलो हो गए हैं।

## फसल बचाने के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दिए आदेश

# दो मंडियों का डीसी ने लिया जायजा, किसानों को न हो कोई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को शहजादपुर तथा नारायणगढ़ अनाज मंडियों का दौरा कर गेहूं व सरसों खरीद की व्यवस्थाओं एवं प्रबंधों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने मंडी के आढतियों एवं किसानों से बातचीत की। उनकी समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने मंडी गेट पर बनाए गए किसान सहायता केंद्र और ऑनलाइन गेट पास प्रणाली का निरीक्षण किया। मार्केट कमेटी सचिवों को निर्देश दिए कि पीक सीजन को देखते हुए पर्याप्त मशीनें और कर्मचारी तैनात किए जाएं, ताकि किसानों को गेट पास लेने में कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई, पेयजल, तौल, फसल सत्यापन और बॉयोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद 2585 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों की खरीद 6200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में बिजली, पानी, सफाई, तौल, उठान और भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने नारायणगढ़ मंडी में अटल श्रमिक किसान कैंटीन का निरीक्षण करते हुए कहा कि अटल कैंटीन के लिए एलपीजी गैस प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाई जाएगी। अटल कैंटीन में 10 रूपये में भोजन किसानों एवं श्रमिकों को उपलब्ध करवाया जाता है।



शहजादपुर। उपायुक्त अनाजमंडी का निरीक्षण करते हुए।

### अब तक 18,912 क्विंटल गेहूं की आमद हो चुकी

इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। मार्केट कमेटी शहजादपुर के सचिव अफसर ने बताया कि अब तक मंडी एवं खरीद केंद्र में 18,912 क्विंटल गेहूं की आमद हो चुकी है। इसमें से 699 क्विंटल की खरीद की जा चुकी है। मार्केट कमेटी नारायणगढ़ के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी और इसके अंतर्गत आने वाले खरीद केंद्रों पर 10,501 क्विंटल गेहूं की आमद दर्ज हुई है। 1,711 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। सरकारी मानकों के अनुसार 12 प्रतिशत तक नमी वाले गेहूं की ही खरीद की जा रही है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी शहजादपुर के अध्यक्ष गोपाल मित्तल, वाईस चेयरमैन जगदीप राणा, अध्यक्ष नरेंद्र राणा कुराली, आढती ओपी चानना, मदन चानना सहित अधिकारी एवं आढ़ती तथा किसान उपस्थित रहे।